# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 02 मार्च 2023

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

Total Short Notice Question- 10

----

### राशि की कटौती

*15 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **वित्त विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि केंद्र सरकार राज्य में राजनीतिक संरचना में परिवर्तन के बाद कई योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं दे रही है, जिसके कारण राज्य को उसकी व्यवस्था या तो अपने धन से करना पड़ रहा है या उन योजनाओं के कार्यान्वयन का काम अधर में लटक गया हैं;

(ख) क्या यह सही है कि केंद्र से धन नहीं मिलने के कारण समग्र शिक्षा अभियान, मनरेगा, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक कल्याण एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण की कई योजनाएं, जो केंद्र सरकार की विशेष मदद पर आश्रित हैं तथा कोर स्कीम के अंतर्गत हरित क्रांति योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, समग्र क्षेत्र विकास कार्यक्रम, अरबन डेवलमेंट तथा उज्ज्वला गैस वितरण सहित कई योजनाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं;

(ग) क्या यह सही है कि वर्ष 2022-23 में 3777 करोड़ रुपये देकर समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षकों का वेतन भुगतान किया गया है, जिसका राज्य सरकार ने खुद भुगतान किया है और केंद्र सरकार ने इसमें एक भी पैसा नहीं दिया है;

(घ) क्या यह सही है कि इन योजनाओं में केंद्र सरकार की उपेक्षा के कारण वित्तीय संकट पैदा होने की स्थिति आ गई है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदन को विस्तारपूर्वक केंद्र सरकार द्वारा किये जा रहे भेदभाव तथा राशि में की जा रही कटौती से अवगत कराना चाहती है ?

----

## सड़क की मरम्मती

*16 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले के धनकौल बांध से कटैया बांध पर का ईंट सोलिंग उखड़ जाने के कारण आमजनों के साथ-साथ वाहन आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त बांध पर पर सड़क की मरम्मती कराकर कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## कांड से मुक्ति कबतक

*17 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत अग्निपथ योजना के विरोध में शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठियों से प्रहार कर घायल कर दिया और उनका इलाज बछवाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाना पड़ा है;

(ख) क्या यह सही है कि छात्र नेता सत्यम कुमार सहित दर्जनों बेकसूर छात्र नौजवानों के विरुद्ध तोड़फोड़ एवं अन्य हिंसक कार्रवाई बिना साक्ष्य, बछवाड़ा थाना कांड संख्या 143/2022 द्वारा आरोपित कर दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि छात्र नेता सत्यम कुमार के साथ तथाकथित कोई भी घायल पुलिसकर्मी बछवाड़ा प्राथमिक केंद्र में इलाज नहीं करवाये हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड- 'ख' में वर्णित कांड की समीक्षा कर सत्यम कुमार सहित दर्जनों बेकसूर छात्र नौजवानों को इस कांड से मुक्त करना चाहती है ?

----

## चैकडैक का निर्माण

*18 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम- बडवान में पुनपुन नदी अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी पर जनहित में चेकडैम का निर्माण हेतु प्रस्तावित है तथा चेकडैम निर्माण होने से बडवान गांव के साथ 8 अन्य गांव लाभान्वित होंगे;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त चेकडैम निर्माण हेतु विभागीय पत्रांक- 624 (मो.), दिनांकः- 18.06.2022 के द्वारा जनहित में उपयोगिता हेतु DPR तैयार करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त चेकडैम निर्माण तथा पत्रांक- 624(मो.) के आलोक में DPR से संबंधित कौन-सी कार्रवाई की गई है ?

----

## आश्रितों का मुआवजा

*19 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **श्रम संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि गजेन्द्र कुमार सिंह, पिता- श्री विजय कुमार सिंह, ग्राम- देउआर, पोस्ट- पंडुरा रामपुर, थाना- संदेश जिला भोजपुर जो पेशे से श्रमिक थे, की मृत्यु दिनांकः- 09.08.2022 को ठनका गिरने से हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि इनके आश्रितों को मुआवजा का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है;

(ग) क्या यह सही है कि मुआवजा भुगतान हेतु इनके आवदेन को श्रम अधीक्षक, भोजपुर द्वारा पत्रांक- 675, दिनांकः- 10.08.2022 के माध्यम से नियोजन भवन, पटना को भेज दिया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के

आश्रितों को शीघ्र मुआवजा भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***20 डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र की छरियारी पंचायत के अंतर्गत आने वाले सोहजना गांव के किसानों की पचासों एकड़ जमीन, नदी पर गांव के समीप पैदल पहुंच पुल के अभाव में बीते कई दशक से प्रति वर्ष परती रहती है, इसका मुख्य कारण गांव के दर्जनों किसानों के खेतों पश्चिमी छोर पर गुजरने वाली यमुना नदी की तरफ होना है;

(ख) क्या यह सही है कि बरसात के मौसम में गहरी नदी में काफी पानी भर जाता है, जिससे किसान धान की खेती नहीं कर पाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित नदी पर पहुंच पुल बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## क्रेडिट डिपॉजिट रेशियो

***21 Mr. Sarvesh Kumar (Darbhanga Graduate):**

क्या **Finance** be pleased to state:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में जमा खाता अनुपात (क्रेडिट डिपॉजिट रेशियो) देश के अन्य राज्यों की तुलना में कम है इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि बिहार में बैंकों की शाखाएं बहुत कम हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो वर्ष 2023-24 में कितनी बैंक शाखाएं बिहार में खोलने का प्रस्ताव है, राज्य में बैंकों की और अधिक शाखाएं खुलें इसके लिए राज्य सरकार क्या प्रयास कर रही है ?

----

## फर्जी कंपनियों पर कार्रवाई

***22 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **वित्त विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में अनेकों ऐसी फर्जी एन.बी.एफ.सी. और निधि कंपनियां काम कर रही हैं, जिन्हें लोगों से रुपये जमा लेने की अनुमति नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि ऐसी फर्जी कंपनियों के झांसे में आकर भोली-भाली जनता की गाढ़ी कमाई डूब जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में करीब 700 एन.बी.एफ.सी. और निधि कंपनियां काम कर रही हैं, जिनमें से लगभग 322 कंपनियों को लोगों से जमा लेने की अनुमति नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र ऐसी फर्जी कंपनियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## जब्त गाड़ियों का जमावड़ा

***23 Dr. Pramod Kumar (Nominated):**

क्या **Home** be pleased to state:-

(क) क्या यह सही है कि रूपसपुर थाना, चौकी सगुना मोड़, गोलम्बर, पटना में सैकड़ों जब्त की गई गाड़ियां चौकी के बाहर खड़ी की गई हैं;

(ख) क्या यह सही है कि जब्त गाड़ियों को थाने के बाहर खड़ा करने के कारण हमेशा सड़क पर जाम की समस्या बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन जब्त गाड़ियों को कोई उचित जगह रखवाना चाहती है जिससे सगुना मोड़ पर जाम की समस्या से यात्रियों को राहत मिले, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आवेदकों का चयन

***24 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत के लिए 07 सवारी वाहन खरीदने हेतु चार अनुसूचित जाति/ जनजाति तथा तीन अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को अनुदान दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि इस योजना के अधीन दसवें चरण में काफी संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, किन्तु सात की संख्या रहने के कारण कई आवेदनकर्ताओं को इस योजना के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रत्येक पंचायत के लिए 07 आवेदकों के स्थान पर 20 आवेदकों का चयन करने संबंधी निदेश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----